ऐ ज़हरा के बाबा सुनें इल्तिजा मदीना बुला लीजिए

By raza khan / August 17, 2025

ऐ ज़हरा के बाबा सुनें इल्तिजा मदीना बुला लीजिए / Aye Zahra Ke Baba Sunen Iltija Madina Bula Lijiye
ऐ ज़हरा के बाबा ! सुनें इल्तिजा
मदीना बुला लीजिए
कहीं मर न जाए तुम्हारा गदा
मदीना बुला लीजिए

सताती है मुझ को, रुलाती है मुझ को
ये दुनिया बहुत आज़माती है मुझ को
हूँ दुनिया की बातों से टूटा हुआ
मदीना बुला लीजिए

बड़ी बेकसी है, बड़ी बे-क़रारी
न कट जाए, आक़ा ! यूँही 'उम्र सारी
कहाँ ज़िंदगानी का कुछ है पता
मदीना बुला लीजिए

ये एहसास है मुझ को, मैं हूँ कमीना
हुज़ूर ! आप चाहें तो आऊँ मदीना
गुनाहों के दलदल में मैं हूँ फँसा
मदीना बुला लीजिए

मैं देखूँ वो रौज़ा, मैं देखूँ वो जाली
बुला लीजे मुझ को भी, सरकार-ए-'आली !
कहाँ जाए, आक़ा ! ये मँगता भला
मदीना बुला लीजिए

वो रमज़ान तेरा, वो दालान तेरा
वो अज्वा, वो ज़मज़म, ये मेहमान तेरा
तेरे दर पे इफ़्तार का वो मज़ा
मदीना बुला लीजिए

जहाँ के सभी ज़र्रे शम्स-ओ-क़मर हैं
जहाँ पे अबू-बक्र-ओ-'उस्माँ, 'उमर हैं

जहाँ जल्वा-फ़रमा हैं हम्ज़ा चचा
मदीना बुला लीजिए

हुआ है जहाँ से जहाँ ये मुनव्वर
जहाँ आए जिब्रील क़ुरआन ले कर
मुझे देखना है वो ग़ार-ए-हिरा
मदीना बुला लीजिए

जिसे सब हैं कहते नक़ी ख़ाँ का बेटा
वो अहमद रज़ा है बरेली में लेटा
उसी आ'ला हज़रत का है वास्ता
मदीना बुला लीजिए

'अता हो बक़ी' में ये ज़हरा का सदक़ा
मुझे मौत आए वहीं काश, आक़ा !
पढ़ा दें वहीं पर जनाज़ा मेरा
मदीना बुला लीजिए

करम कर दिया है ये ख़्वाजा पिया ने
जो मिस्रे' लिखे हैं शफ़ा'अत मियाँ ने
करें दर-गुज़र जो हुई हो ख़ता
मदीना बुला लीजिए

ना'त-ख़्वाँ:
मुहम्मद अली फ़ैज़ी

ai zahra ke baaba ! sune.n iltija
madina bula lijiye
kahi.n mar na jaae tumhaara gada
madina bula lijiye

sataati hai mujh ko, rulaati hai mujh ko
ye duniya bahut aazmaati hai mujh ko
hu.n duniya ki baato.n se TooTa huaa
madina bula lijiye

ba.Di bekasi hai, ba.Di be-qaraari
na kaT jaae, aaqa ! yunhi 'umr saari
kahaa.n zindgaani ka kuchh hai pata
madina bula lijiye

ye ehsaas hai mujh ko, mai.n hu.n kameena
huzoor ! aap chaahe.n to aau.n madina
gunaaho.n ke daldal me.n mai.n hu.n phansa
madina bula lijiye

mai.n dekhu.n wo rauza, mai.n dekhu.n wo jaali
bula leeje mujh ko bhi, sarkaar-e-'aali !
kahaa.n jaae, aaqa ! ye mangta bhala
madina bula lijiye

wo ramzaan tera, wo daalaan tera
wo ajwa, wo zamzam, ye mehmaan tera
tere dar pe iftaar ka wo maza
madina bula lijiye

jahaa.n ke sabhi zarre shams-o-qamar hai.n
jahaa.n pe abu-bakr-o-'usmaa.n, 'umar hai.n
jahaa.n jalwa-farma hai.n hamza chacha
madina bula lijiye

huaa hai jahaa.n se jahaa.n ye munawwar
jahaa.n aae jibreel qur.aan le kar
mujhe dekhna hai wo Gaar-e-hira
madina bula lijiye

jise sab hai.n kehte naqi KHaa.n ka beTa
wo ahmad raza hai bareli me.n leTa
usi aa'la hazrat ka hai waasta
madina bula lijiye

'ata ho baqi' me.n ye zahra ka sadqa
mujhe maut aae wahi.n kaash, aaqa !
pa.Dha de.n wahi.n par janaaza mera
madina bula lijiye

karam kar diya hai ye KHwaja piya ne
jo misre' likhe hai.n Shafa'at Miya.n ne
kare.n dar-guzar jo hui ho KHata
madina bula lijiye

Naat-Khwaan:
Muhammad Ali Faizi

← PREVIOUS
Tamanna Hai Shehron Ka Sardar Dekhun

Leave a Comment

Logged in as raza khan. Edit your profile. Log out? Required fields are marked *

Type here..

Post Comment

Copyright © 2025 Naat Lyrics | Powered by Astra WordPress Theme